श्री प्रकाश चन्द्रा, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या- 18/2/2243 का उत्तर प्रतिवेदन

तारांकित प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत दाउदनगर प्रखंड के सीपहा लख के सोन नहर कैनाल पर अंग्रेजों के समय पुल का निर्माण किया गया था जो पुल बारूण से 139 NH को दाउदनगर से जोड़ता था, परन्तु इसके क्षतिग्रस्त होने के कारण आम नागरिकों को समस्या हो रही है; यदि हां तो सरकार उक्त पुल का पुनर्निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तु स्थिति यह है कि:- प्रश्नगत सिपहा लॉक पटना मुख्य नहर के कि॰मी॰ 33.60 पर अवस्थित है। इस स्थल पर क्रॉस रेगुलेटर-सह-एक पथीय पुल पूर्व से निर्मित है। क्रॉस रेगुलेटर के माध्यम से पटना मुख्य नहर में जलश्राव को नियंत्रित किया जाता है एवं एक पथीय पुल का उपयोग आवागमन हेतु किया जाता है। क्रॉस रेगुलेटर-सह-एक पथीय पुल काफी पुराना है जो हल्के वाहनों यथा दो पहिया एवं तीन पहिया वाहनों के आवागमन हेतु वर्तमान में सुरक्षित है। भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने हेतु पुल के दोनों एप्रोच पथ पर बैरियर लगाया गया है। प्रश्नगत स्थल से 1.78 कि०मी० अपस्ट्रीम में पटना मुख्य नहर पर एक द्विपथीय पुल पूर्व से पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित है, जिसका उपयोग भारी वहनों द्वारा आवागमन हेतु किया जाता है। वर्तमान में प्रश्नगत पुल का निर्माण कराने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। यदि पुल निर्माण से संबंधित विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र की माँग की जाती है, तो जल संसाधन विभाग द्वारा नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाएगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि०स०–03–05 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं०–18 / 2 / 2243 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–05/2026 पटना/दिनांक :...............

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–05/2026 पटना/दिनांक :...............

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–05/2026 1558 पटना/दिनांक : 19/3/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव